अनौपचारिक रूप से परामर्शित

पत्रांक–भवन/स्था0–01–विविध–999/2014(अंश)........7192(अ)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– वित्त विभाग ।

पटना, दिनांक–29/8/18

विषय:– भवन निर्माण विभाग के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मुख्यालय स्तर पर गैर योजना मद में कुल ₹ 1,93,36,044/– (एक करोड़ तिरानवे लाख छत्तीस हजार चौवालिस रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर एक (01) संरचना प्रमंडल के गठन सहित आवश्यक कुल 32 पदों का सृजन।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक 24.08.2018 की बैठक में मद संख्या–08 के रूप में भवन निर्माण विभाग के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु संलग्न विवरणी **(यथा परिशिष्ट–1, 2 एवं 3)** के अनुरूप मुख्यालय स्तर पर गैर योजना मद में कुल ₹ 1,93,36,044/– (एक करोड़ तिरानवे लाख छत्तीस हजार चौवालिस रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर एक (01) संरचना प्रमंडल के गठन सहित आवश्यक कुल 32 पदों का सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

2. उक्त कार्यालय/पदों के स्थापना व्यय का वहन गैर योजना अन्तर्गत मांग सं–3 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन–उपशीर्ष–0004–निष्पादन, विपत्र कोड–03–2059800010004 से विकलनीय होगा।

बाह्य स्त्रोत/संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त कर्मियों के मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान **उपशीर्ष–0001–निर्देशन–28–व्यावसायिक सेवाएँ–0001.28.02–संविदा सेवाएँ विपत्र कोड–03–2059800010001** के अन्तर्गत सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जायेगा। उक्त व्यय हेतु अलग से आवश्यक **राशि की स्वीकृति** संगत बजट उपबंध में की जायेगी।

3. इन सृजित एवं गठित कार्यालय के लिए कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या–3, **पटना, भवन निर्माण** विभाग निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

4. इस राज्यादेश के अन्तर्गत **राशि की निकासी सचिवालय कोषागार,** विश्वेश्वरैया भवन, बेली **रोड, पटना से** की जायेगी।

अनुरोध है कि संबंधित कार्यालय हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी **के पदनाम से** प्राधिकार पत्र शीघ्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(रवि शंकर तिवारी)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:–भवन/स्था0–01–विविध–999/2014 (अंश)– 7192(अ) पटना, दिनांक–29/8/18

प्रतिलिपि:– वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

सरकार के संयुक्त सचिव।

E:/Sanjay Kr. Alok/Old and New Work Folder/DRAFT-SEC-2 UPTO 01-...

ज्ञापांकः– 9192 (भ)   पटना, दिनांकः–29/8/18

प्रतिलिपिः– सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधि... सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/वित्त विभाग/पथ निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य वि... विभाग/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/अ... प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग/सभी मुख्य अभियंता/निदेश... (अनुश्रवण)/मुख्य वास्तुविद्/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/ मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/बजट प्रशाखा (मु0) एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

सरकार के संयुक्त सचिव।

E:/Sanjay Kr. work

परिशिष्ट–1

भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत संरचना अचंल, पटना के अधीन संरचना प्रमंडल-3, पटना का गठन एवं उक्त कार्यालय हेतु प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के पदों की विवरणी:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से सृजित पद	सृजन हेतु प्रस्तावित पदों की सं0	कुल पद	आवश्यकता/अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	कार्यपालक अभियन्ता (असैनिक) (Level-11)	00	01	01	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना।
2	सहायक अभियन्ता (असैनिक)/ प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	00	05	05	1. प्राक्कलन पदाधिकारी - 01 पद। 2. सहायक अभियंता - 03 पद। 3. सहायक अभियंता गुण नियंत्रण - 01 पद।
3	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी (Level-08) इस पद का संवर्ग प्राधिकार महालेखाकार, बिहार, पटना के अधीन होगा।	00	01	01	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 01 पद।
4	कनीय अभियन्ता (असैनिक)/ प्राक्कलक/(Level-07)	00	11	11	1. प्राक्कलक - 02 पद। 2. कनीय अभियंता - 09 पद।
5	शोध सहायक/(Level-06)	00	01	01	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 01 पद।
6	प्रधान लिपिक/(Level-06)	00	01	01	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 01 पद।
7	प्रारूपक/(Level-04)	00	02	02	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 02 पद।
8	उच्चवर्गीय लिपिक/(Level-04)	00	04	04	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 04 पद।
9	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02)	00	06	06	संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना - 06 पद।
10	अनुसेवक/कार्यालय परिचारी/ चौकीदार/दफ्तरी	00	00	00	अनुसेवक/ कार्यालय परिचारी/चौकीदार/दफ्तरी के पदों पर आवश्यकता आधारित नियुक्ति आऊटसोर्सिंग (बाह्य श्रोत)/संविदा के आधार पर की जायेगी।
	कुल पद	00	32	32	

(रवि शंकर चौधरी)
सरकार के संयुक्त सचिव।

D:/Sanjay Kr. Alok/Niraj Sir Folder/Construction Division-3/Sheet-1/GAZTT. SEC.xls

परिशिष्ट–2

भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत संरचना अचंल, पटना के अधीन संरचना प्रमंडल–3, पटना का गठन एवं उक्त कार्यालय हेतु प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के पदों के सृजन संबंधी व्यय विवरणी:–

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	नवसृजित पदों की संख्या	मूल वेतन	मंहगाई भत्ता	मकान किराया भत्ता	चिकित्सा भत्ता	परिवहन भत्ता	कुल वेतन प्रतिमाह	वार्षिक वेतन व्यय	अभ्युक्ति
1	2	3	4	7	8	9	10	12	13	14
1	कार्यपालक अभियन्ता (असैनिक)(Level-11)	01	67700	4739	10832	1000	4280	88551	1062612	
2	सहायक अभियन्ता (असैनिक)/प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	05	53100	3717	8496	1000	3210	347615	4171380	
3	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/(Level-08)	01	47600	3332	7616	1000	3210	62758	753096	
4	कनीय अभियन्ता (असैनिक)/प्राक्कलक (Level-07)	11	44900	3143	7184	1000	3210	653807	7845684	
5	शोध सहायक/(Level-06)	01	35400	2478	5664	1000	1605	46147	553764	
6	प्रधान लिपिक/(Level-06)	01	35400	2478	5664	1000	1605	46147	553764	
7	प्रारूपक/(Level-04)	02	25500	1785	4080	1000	1605	67940	815280	
8	उच्चवर्गीय लिपिक/(Level-04)	04	25500	1785	4080	1000	1605	135880	1630560	
9	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02)	06	19900	1393	3184	1000	1605	162492	1949904	
	कुल योग	32						1611337	19336044	

(एक करोड़ तिरानवे लाख छत्तीस हजार चौवालिस रूपये)

(रवि शंकर चौधरी)
सरकार के संयुक्त सचिव।

<u>परिशिष्ट–3</u>

भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत संरचना अचंल, पटना के अधीन संरचना प्रमंडल संख्या–3, पटना के गठन एवं आवश्यक पदों के सृजन के फलस्वरूप संगठनात्मक स्वरूप

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से सृजित पद	सृजन हेतु प्रस्तावित पदों की सं0	कुल पद	कार्यक्षेत्र	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	कार्यपालक अभियन्ता (असैनिक) (Level-11)	00	01	01	सम्पूर्ण बिहार राज्य एवं बिहार राज्य के बाहर। भवन निर्माण विभाग के अधीन भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रकार के लघु एवं वृहद योजनाओं/परियोजनाओं संबंधित कार्यों का निष्पादन। <u>संबंधित कार्य अवर प्रमंडल एवं अधीनस्थ प्रशाखा:-</u> 1. अवर प्रमंडल सं0-07 के अधीन 03 प्रशाखाएँ कार्य करेंगी। 2. अवर प्रमंडल सं0-08 के अधीन 03 प्रशाखाएँ कार्य करेंगी। 3. अवर प्रमंडल सं0-09 के अधीन 03 प्रशाखाएँ कार्य करेंगी। 4. गुण नियंत्रण अवर प्रमंडल (अकार्य पद)	अनुसेवक/ कार्यालय परिचारी/चौकीदार /दफ्तरी के पदों पर आवश्यकता आधारित नियुक्ति आऊटसोर्सिंग (बाह्य श्रोत)/संविदा के आधार पर की जायेगी।
2	सहायक अभियन्ता (असैनिक)/ प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	00	05	05		
3	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी (Level-08)	00	01	01		
4	कनीय अभियन्ता (असैनिक)/ प्राक्कलक/(Level-07)	00	11	11		
5	शोध सहायक/(Level-06)	00	01	01		
6	प्रधान लिपिक/(Level-06)	00	01	01		
7	प्रारूपक/(Level-04)	00	02	02		
8	उच्चवर्गीय लिपिक/(Level-04)	00	04	04		
9	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02)	00	06	06		
10	अनुसेवक/कार्यालय परिचारी/ चौकीदार/दफ्तरी	00	00	00		

(रवि शंकर चौधरी)
सरकार के संयुक्त सचिव।

भवन निर्माण विभाग

....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–8627, दिनांक–13.08.2018 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–24.08.2018 में मद संख्या–08 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

8.	भवन निर्माण विभाग के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मुख्यालय स्तर पर गैर योजना मद में कुल ₹1,93,36,044/–(एक करोड़ तिरानवे लाख छत्तीस हजार चौवालिस रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर एक (01) संरचना प्रमंडल के गठन सहित आवश्यक कुल 32 पदों का सृजन।	8.	स्वीकृत।

24.8.18

(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के विशेष सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

24/8/18

उप सचिव

27/8/2018

27/8/18

27/8/2018

श्री नीरज जी S.O. स्थापना - II.

27.8.2018